RPSC स्कूल व्याख्याता (संस्कृत शिक्षा) पेपर II राजनीति विज्ञान 2020

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद नगरपालिकाओं की संरचना से संबंधित है ?

(A) 243 त
(B) 243 थ
(C) 243 द ✓
(D) 243 न

Q.2

वर्ष 2015 में, भारत ने किस देश के साथ सीमा व्यापार के लिए, लिपु-लेख दर्रा खोलने पर समझौता किया ?

(A) चीन ✓
(B) नेपाल
(C) भूटान
(D) म्यांमार

Q.3

राज्य का 'उपकारी प्रतिमान' किसके साथ जुड़ा हुआ है ?

(A) थेडा स्कॉकपॉल
(B) लुई अल्थ्यूज़र
(C) राल्फ मिलिबैंड ✓
(D) निकोस पोलन्तजास

Q.4

निम्नांकंकित में से किस दृष्टिकोण का यह मूल विचार है कि विचारक और लेखक अपने समय के उत्पाद होते हैं ?

(A) पाठवादी
(B) सन्दर्भिय ✓
(C) परम्परावादी
(D) उत्तर-आधुनिकतावादी

Q.5

सार्क कन्वेन्शन (सप्रेशन ऑफ टेररिज्म एक्ट) कब लागू हुआ ?

(A) 1992
(B) 1993 ✓
(C) 1994
(D) 1995

Q.6

चैंटल मूफे और अर्नेस्टो लॉकलाउ के अनुसार निम्नांकित में से किस लोकतन्त्र का मुख्य काम यह है कि वह स्वतन्त्रता और पूर्ण समानता के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हर तरह के दमन और अधीनता के खिलाफ संघर्ष करे ?

(A) विमर्शी लोकतन्त्र
(B) सहवर्तनीय लोकतन्त्र
(C) आमूलवादी लोकतन्त्र ✓
(D) सर्वदेशीय लोकतन्त्र

Q.7

निम्नांकित भारतीय विचारकों में से किसने रूसो की सामान्य इच्छा के उत्साह का समर्थन किया ?

(A) महात्मा गांधी
(B) अरविन्द घोष ✓
(C) दादाभाई नौरोजी
(D) जवाहरलाल नेहरू

Q.8

निम्नांकित में से किसने 'संकट की प्रवृत्तियों' की पहचान करने का दावा किया, जिन्हें नियन्त्रित करना उदार लोकतन्त्रों की क्षमता से परे है ?

(A) नोम चोम्स्की
(B) जुर्गन हैबरमास ✓
(C) एरिक फ्राम
(D) हरबर्ट मार्क्युजे

Q.9

निम्नांकित में से कौन राजनीतिक दलों को मुख्य रूप से 'हित के अभिकरण' मानता है ?

(A) सेम्ब्युल जे. एल्डर्सवेल्ड ✓
(B) चार्ल्स बीयर्ड
(C) गेब्रियल आमण्ड
(D) जोसेफ लापालोम्बरा

Q.10

कौटिल्य के अनुसार किसी राजा को 'चक्रवर्ती' बनने के लिये उसमें किन गुणों का होना नितांत आवश्यक है ?
(A) सैनिक शक्ति
(B) वित्तीय सावधानी
(C) बुद्धिमत्ता
सही उत्तर है :

(A) केवल (A) एवं (B)
(B) केवल (A) एवं (C)
(C) केवल (B) एवं (C)
(D) (A), (B) एवं (C) ✓

Q.11

मेयर एवं सालोवे के अनुसार कौन सा क्षेत्र संवेगात्मक बुद्धि का नहीं है ?

(A) भावनाओं को अनुभव करना
(B) भावनाओं को विचारों में एकीकृत करना
(C) भावनाओं को दमित करना ✓
(D) भावनाओं को प्रबंधित करना

Q.12

उत्तर व्यवहारवाद के सन्दर्भ में डेविड ईस्टन की शब्दावली 'प्रासंगिकता का मूल मंत्र', में शामिल है :
(A) प्रासंगिकता
(B) कार्य
(C) सार तत्त्व
सही उत्तर है :

(A) केवल (A)
(B) केवल (A) और (B)
(C) केवल (B) और (C)
(D) (A), (B) और (C) ✓

Q.13

'स्व-पहचान की कमी' एरिक्सन के मनो-सामाजिक विकास के सिद्धांत की किस अवस्था से जुड़ी हुई है ?

(A) पहचान बनाम भूमिका संभ्राति ✓
(B) घनिष्ठता बनाम अलगाव
(C) पहल बनाम दोष
(D) स्व संपूर्णता बनाम निराशा

Q.14

निम्नलिखित में से कौन सी किशोरावस्था की विशेषता नहीं है ?

(A) भूमिका संभ्रांति
(B) संवेगात्मक नियंत्रण ✓
(C) दिवा स्वप्न
(D) समायोजन की कमी

Q.15

निम्नांकित विद्वानों में से किसने भारत के 'हस्तक्षेपवादी राज्य' से 'नियामकीय राज्य' में बदलाव का उल्लेख किया है ?

(A) पॉल ब्रास
(B) एल. रूडोल्फ ✓
(C) कोचिनेक
(D) जोया हसन

Q.16

1935 के भारत शासन अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत संघ का नाम 'दी फेडरेशन ऑफ इंडिया' (भारत संघ) था ?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5 ✓

Q.17

भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 में, निम्नांकित में से शब्दों का सही क्रम क्या है ?

(A) मूलवंश, जाति, धर्म, लिंग
(B) धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग ✓
(C) जाति, धर्म, मूलवंश, लिंग
(D) धर्म, जाति, मूलवंश, लिंग

Q.18

भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 क के उपबन्धों के तहत प्रयुक्त 'परिरक्षण' शब्द किससे सम्बन्धित है?

(A) सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा से ✓
(B) सार्वजनिक सम्पत्ति से
(C) प्राकृतिक पर्यावरण से
(D) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता से

Q.19

मैक्स वेबर राजनीति को मानता है :

(A) गुह्यज्ञानवाद
(B) अनुमान की कला
(C) पेशा ✓
(D) क्रिया-विशेषण सम्बन्धी गतिविधि

Q.20

निम्नांकित में से कौन लोकसभा द्वारा पारित धन विधेयक की एक प्रति राज्यसभा को भेजते समय, पृष्ठांकित करता है ?

(A) वित्तमंत्री
(B) लोकसभा का महासचिव
(C) लोकसभाध्यक्ष ✓
(D) संसदीय कार्य मंत्री

Q.21

निम्नांकित में से कौन सा सिद्धान्त जॉन रॉल्स द्वारा प्रतिपादित न्याय की अवधारणा से सम्बद्ध नहीं है ?

(A) समान स्वतंत्रता का सिद्धान्त
(B) न्यायपूर्ण हस्तान्तरण का सिद्धान्त ✓
(C) भेदमूलक सिद्धान्त
(D) अवसर की उचित समानता का सिद्धान्त

Q.22

'मैकिंग इंडिया ग्रेट - दी प्रोमिस ऑफ ए रिलक्टेन्ट ग्लोबल पॉवर' नामक पुस्तक का लेखक/लेखिका कौन है ?

(A) इयान हॉल ✓
(B) शिवशंकर मेनन
(C) निरूपमा राव
(D) अर्पणा पाण्डे

Q.23

'द कोल्डर वार : हाउ द ग्लोबल एनर्जी ट्रेड स्लीप्ड फ्रॉम अमेरिकाज ग्रास्प' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) जोसेफ नाई
(B) मोजेज नईम
(C) मारीन कटूसा ✓
(D) फ्रांसिस फुकुयामा

Q.24

राजस्थान की प्रथम विधानसभा के गठन के पश्चात् निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से किसका कार्यकाल सबसे कम रहा है ?

(A) टीकाराम पालीवाल ✓
(B) जयनारायण व्यास
(C) जगन्नाथ पहाड़िया
(D) बरकतुल्लाह खान

Q.25

निम्नांकित विचारकों में से किसने यह विचार दिया है कि 'राज्य का हित एवं व्यक्ति का हित अविभाज्य है' ?

(A) अरस्तू ✓
(B) एफ.ए. हायेक
(C) महात्मा गांधी
(D) जे.एस. मिल

Q.26

निम्नांकित विद्वानों में से किसने भारतीय लोकतन्त्र को 'साहचर्य विहिन लोकतन्त्र' कहा है ?

(A) लॉयड रूडोल्फ
(B) रजनी कोठारी
(C) प्रदीप के. छिब्बर ✓
(D) मायरन वीनर

Q.27

निम्नांकित में से किसने मॉर्गेन्थाऊ के शक्ति-राजनीति के छः सिद्धान्तों का नारीवादी विकल्प प्रस्तुत किया है ?

(A) जे.ए. टिकनर ✓
(B) सिन्थिया एनलो
(C) एम. जलेवास्की
(D) ए.एस. रूनयान

Q.28

चीन किस वर्ष विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बना ?

(A) 2000
(B) 2001 ✓
(C) 2002
(D) 2003

Q.29

सांवेगिक बुद्धि से तात्पर्य है

(A) अपने स्वयं के संवेगों को पहचानना एवं समझना
(B) अपने संवेगों को प्रबंधित करना
(C) दूसरों के संवेगों को पहचानना, समझना और प्रबंधित करना
(D) इनमें से सभी ✓

Q.30

ट्रांसपेरेन्सिज और स्लाइड्स उदाहरण हैं

(A) सॉफ्टवेयर के (कोमल उपागम) ✓

(B) हार्डवेयर के (कठोर उपागम)

(C) सॉफ्टवेयर (कोमल उपागम) एवं हार्डवेयर (कठोर उपागम) दोनों के

(D) इनमें से कोई नहीं

Q.31

सेमुअल पी. हंटिंगटन निम्नांकित में से किस देश के बारे में यह कहता है कि एक देश आधुनिक राजनीतिक संस्थाओं के साथ राजनीतिक रूप से विकसित हो सकता है जबकि वह आधुनिकीकरण के मामले में अभी भी बहुत पिछड़ा है ?

(A) अर्जेन्टीना

(B) भारत ✓

(C) ब्राजील

(D) पाकिस्तान

Q.32

निम्नांकित में से किसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट के लिये अपनी उम्मीदवारी के सन्दर्भ में, जी-4 (भारत, ब्राजील, जर्मनी एवं जापान) देशों के लिये 'अनुयायियों की तलाश में नेता' वाक्यांश गढ़ा है ?

(A) स्ट्रोब टालबोट ✓

(B) जॉन कैरी

(C) जॉन मेक्केन

(D) स्टीफेन सचरिम

Q.33

'एकीकृत बनाम विभाजित सरकार' की संकल्पनाएँ निम्नांकित में से किस देश से सम्बन्धित हैं ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका ✓

(B) भारत

(C) ब्रिटेन

(D) जर्मनी

Q.34

निम्नांकित में से किस विचारक ने राजनीति में बढ़ते हुए 'गूढ़ज्ञानवाद' के प्रभाव की आलोचना की ?

(A) एरिक वोगेलिन ✓

(B) बर्टेन्ड डी जोविनल

(C) विल किमलिका

(D) अर्नेस्टो लक्लाऊ

Q.35

निम्नांकित में से किसने 'राज्यविहीन राज्य का सिद्धान्त' प्रस्तुत किया ?

(A) डी. मेलोसी ✓

(B) एम. फूको

(C) आर. मिलिबेन्ड

(D) एस. रोक्कन

Q.36

निम्नांकित विद्वानों में से कौन सा विद्वान यह स्वीकार करता है कि 'शासन की सभी व्यवस्थाएँ एक अर्थ में कुलीन तंत्रीय हैं क्योंकि इसमें वास्तविक रूप से हर किसी के लिये समान रूप से निर्णय निर्माण में भाग लेना असंभव है' ?

(A) पीटर मायर
(B) मौरिस डुवर्जर ✓
(C) चार्ल्स लिन्डब्लॉम
(D) जेम्स ब्राइस

Q.37

निम्नांकित में से किस वर्ष में राजस्थान में 'राज्यपाल राहत कोष' का गठन किया गया ?

(A) 1973 ✓
(B) 1983
(C) 1993
(D) 2003

Q.38

"शिक्षण पारस्परिक प्रभाव का एक रूप है, जिसका उद्देश्य किसी अन्य व्यक्ति की व्यवहार क्षमता को बदलना है।" शिक्षण की यह परिभाषा किसने दी?

(A) बी.ओ. स्मिथ
(B) क्लार्क
(C) मॉरीसन
(D) एन.एल. गेज ✓

Q.39

भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद जिला योजना समिति के गठन का उल्लेख करता है ?

(A) 243 य क
(B) 243 य ख
(C) 243 य ग
(D) 243 य घ ✓

Q.40

भारत के सीमा सड़क संगठन ने किस देश में 220 किलोमीटर लम्बे जरान्ज-डेलराम सड़क परियोजना को पूर्ण किया है?

(A) ईरान
(B) अफगानिस्तान ✓
(C) नेपाल
(D) भूटान

Q.41

निम्नांकित में से किसने यह कहा है कि 'ऐसी कोई गतिविधि नहीं है जो राज्य हमेशा निष्पादित करे तथा ऐसी कोई गतिविधि भी नहीं है जिसका राज्य ने निष्पादन नहीं किया हो' ?

(A) आर. एम. मेकाइवर ✓
(B) मैक्स वेबर
(C) गार्नर
(D) बेन्थम

Q.42

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये ।

सूची - I (बहुसंस्कृतिवाद के प्रकार)	सूची - II (सम्बन्धित विद्वान)
(A) विभिन्नता की राजनीति	(i) विल किमलिंका
(B) उदार समतावादी बहुसंस्कृतिवादी	(ii) भीखू पारेख
(C) संवाद आधारित बहुसंस्कृतिवादी	(iii) चन्दन कुकथास
(D) इच्छा स्वतंत्रतावादी बहु-संस्कृतिवादी	(iv) आइरिस मेरियन यंग

कूट :

A	B	C	D

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (iv) (i) (ii) (iii) ✓
(C) (ii) (iv) (i) (iii)
(D) (iii) (ii) (iv) (i)

Q.43

'आसियान' के सन्दर्भ में निम्नांकित में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) वर्तमान में 'आसियान' के सदस्य देशों की संख्या दस है।
(B) इसकी स्थापना 8 अगस्त, 1967 को हुई थी।
(C) इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन्स, सिंगापुर एवं थाइलैण्ड इसके संस्थापक सदस्य हैं।

सही उत्तर है :

(A) (A), (B) एवं (C) ✓
(B) केवल (A) एवं (B)
(C) केवल (A) एवं (C)
(D) केवल (B) एवं (C)

Q.44

"तानाशाही एक व्यक्ति की सरकार है, जिसने मुख्य रूप से अपनी स्थिति विरासत द्वारा प्राप्त नहीं की है, अपितु बल या सहमति से और सामान्य रूप से दोनों के संयोजन से प्राप्त की है ।" यह कथन किसका है ?

(A) हन्ना आरेन्ट
(B) अल्फ्रेड कोबां ✓
(C) जे.एल. टालमैन
(D) जेड. ब्रिजेजिन्सकी

Q.45

'व्हेन क्राइम पैज - मनी एण्ड मसल इन इण्डियन पॉलिटिक्स' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) मिलन वैष्णव ✓
(B) सदानंद धूमे
(C) समीर सरन
(D) सुदीप्त कविराज

Q.46

ब्रूस गिली द्वारा लिखित पुस्तक 'दी राइट टू रूल : हाऊ स्टेट्स विन एण्ड लूज लेजिटिमेसी' में इसने वैधता के कौन से उप प्रकार बताए हैं ?

(A) कानून सम्मत, औचित्य और सहमति ✓
(B) औचित्य और सहमति
(C) सहमति और कानून सम्मत
(D) सहमति, कानून सम्मत और स्थायित्व

Q.47

पार्टी सूची आनुपातिक प्रतिनिधित्व में स्थान (सीटें) आबंटित करने के लिए एक उच्चतम औसत विधि को किस पद्धति के रूप में जाना जाता है ?

(A) डी'होन्ट पद्धति ✓
(B) ड्रूप पद्धति
(C) हेयर पद्धति
(D) हेगनबाच - बिशॉफ पद्धति

Q.48

'पॉवर्टी ऑफ इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) दादाभाई नौरोजी ✓
(B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(C) राममनोहर लोहिया
(D) नरेन्द्र देव

Q.49

अग्रिम संगठक प्रतिमान का आधार है

(A) शाब्दिक अधिगम ✓
(B) सक्रिय अधिगम
(C) अशाब्दिक अधिगम
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.50

निम्नांकित में से कौन सा डेविड ईस्टन के 'सहयोगी निर्गत' में सम्मिलित नहीं है ?

(A) वायदा
(B) न्यायिक निर्णय ✓
(C) तर्कधार
(D) नीतियां

Q.51

विज्ञान पृच्छा प्रतिमान के प्रवर्तक कौन थे ?

(A) जेरोम ब्रूनर
(B) हिल्डा टाबा
(C) डेविड आसुबेल
(D) जोसेफ जे. सकवाब ✓

Q.52

निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण-अधिगम का एक सामान्य सिद्धांत नहीं है ?

(A) वास्तविक जीवन से सहसंबंध का सिद्धांत
(B) वैयक्तिक विभिन्नताओं का सिद्धांत
(C) पूर्व अनुभवों का सिद्धांत
(D) निष्क्रियता का सिद्धांत ✓

Q.53

पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 के तहत निम्नांकित में से कौन-सा राज्य स्थापित नहीं हुआ / नहीं बना ?

(A) मणिपुर
(B) त्रिपुरा
(C) मेघालय
(D) मिजोरम ✓

Q.54

भारत की संविधान सभा की किस बैठक में स्थायी सभापति का निर्वाचन किया गया था ?

(A) पहली
(B) दूसरी ✓
(C) तीसरी
(D) चौथी

Q.55

निम्नांकित में से भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 क (ग) में कौन सा शब्द उल्लेखित नहीं है ?

(A) प्रभुता
(B) राष्ट्रीय आन्दोलन ✓
(C) एकता
(D) अखंडता

Q.56

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची - I (अनुच्छेद)	**सूची - II (उपबन्ध)**
(A) 39 क	(i) समान सिविल संहिता
(B) 40	(ii) समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता
(C) 41	(iii) ग्राम पंचायतों का संगठन
(D) 44	(iv) काम का अधिकार

कूट :

	A	B	C	D
:—	:—	:—	:—	:—

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (iv) (ii) (iii) (i)
(C) (ii) (iii) (iv) (i) ✓
(D) (iii) (iv) (ii) (i)

Q.57

निम्नांकित युग्मों में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

पुस्तक	लेखक/लेखिका
ऑर्डर एण्ड हिस्ट्री	हन्ना आरेन्ट
एक्सपिरियंस एण्ड इट्स मोड्स	माइकल ऑकशॉट
न्यू साइन्स ऑफ पॉलिटिक्स	एरिक वोगेलिन
ऑन पॉवर : दी नेचुरल हिस्ट्री ऑफ इट्स ग्रोथ	बट्रेण्ड डी जोविनेल

(A) ऑर्डर एण्ड हिस्ट्री - हन्ना आरेन्ट ✓

(B) एक्सपिरियंस एण्ड इट्स मोड्स - माइकल ऑकशॉट

(C) न्यू साइन्स ऑफ पॉलिटिक्स - एरिक वोगेलिन

(D) ऑन पॉवर : दी नेचुरल हिस्ट्री ऑफ इट्स ग्रोथ - बट्रेण्ड डी जोविनेल

Q.58

राज्यसभा की शक्तियों के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) यह संसद को राज्यसूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार दे सकती है ।

(B) उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही लाया जा सकता है ।

(C) यह धन विधेयकों में संशोधन प्रस्तावित करती है ।

(A) केवल (A) और (B)

(B) केवल (A) और (C)

(C) केवल (B) और (C)

(D) (A), (B) और (C) ✓

Q.59

निम्नांकित में से किस वर्ष टी.एच. मार्शल द्वारा "सिटीजन एण्ड सोशल क्लास" पुस्तक लिखी गई ?

(A) 1984

(B) 1943

(C) 1971

(D) 1950 ✓

Q.60

"आमतौर पर हमारी नीति ताकत की राजनीति से अपने को अलग रखने और महाशक्तियों के एक खेमे के विरुद्ध दूसरे खेमे में शामिल न होने की है।" भारत की विदेश नीति के बारे में यह कथन किसका है ?

(A) जवाहरलाल नेहरू ✓

(B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) इन्दिरा गांधी

(D) मोरारजी देसाई

Q.61

निम्नांकित में से किसने दृढ़तापूर्वक यह तर्क दिया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की निवारक नीति केवल तब प्रभावी हो सकती है जब 'आश्वस्त विनाश' करने के लिये वास्तविक क्षमता के साथ खतरनाक परमाणु प्रतिशोध को पूरा करने की वास्तविक इच्छा हो ?

(A) डगलस मेकार्थर

(B) जॉर्ज एस. पैटन

(C) जेम्स बेकर

(D) रॉबर्ट मेकनमारा ✓

Q.62

वार्ड समितियों के गठन के लिए नगरपालिका की न्यूनतम जनसंख्या कितनी होनी चाहिए ?

(A) दो लाख
(B) तीन लाख ✓
(C) चार लाख
(D) पाँच लाख

Q.63

निम्नांकित में से कौन सा विचारक 'राजनीति व राज्य को आवश्यक सैनिक संदर्भ में समझता है तथा हमेशा इस बात पर जोर देता है कि अच्छे शस्त्र एवं एक अच्छा सैनिक संगठन राज्य के आधार हैं व उसे चलाने के लिये उतने ही जरूरी हैं जितने जरूरी अच्छे कानून होते हैं ?

(A) हॉब्स
(B) हीगल
(C) मेकियावली ✓
(D) कार्ल मार्क्स

Q.64

"यह (उद्देशिका) उत्कृष्ट गद्य काव्य है, नहीं, यह परिपूर्णता की तस्वीर है।"
यह कथन किसका है ?

(A) अर्नेस्ट बार्कर
(B) हंसा मेहता
(C) पण्डित ठाकुरदास भार्गव ✓
(D) के.एम. मुन्शी

Q.65

निम्नांकित विचारकों में से किसने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के सन्दर्भ में 'अराजकता की संस्कृति' का विचार प्रस्तुत किया है ?

(A) एलेक्जेन्डर वेन्ट ✓
(B) एस. वॉल्ट
(C) टी.डब्ल्यू. विल्सन
(D) एण्ड्रयू लिंकलेटर

Q.66

निम्नांकित में से किसने सबसे पहले 'वाशिंगटन सहमति' शब्दावली को प्रतिपादित किया ?

(A) इमैनुएल वालरस्टीन
(B) जॉन विलियम्सन ✓
(C) मिल्टन फ्रीडमेन
(D) जे.एम. कीन्स

Q.67

अनुदेशन प्रणाली में शिक्षक, शिक्षार्थी, पाठ्यक्रम एवं अनुदेशन सामग्री संबंधित हैं -

(A) इनपुट (अदा) से ✓
(B) प्रक्रिया से
(C) आउटपुट (प्रदा) से
(D) इनमें से सभी

Q.68

निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) अधिगम व्यवहार में परिवर्तन लाता है ।
(B) अधिगम में अपनी गति होती है ।
(C) अधिगम को अभिप्रेरणा प्रभावित करती है ।
(D) परिपक्वता द्वारा व्यवहार में परिवर्तन अधिगम है । ✓

Q.69

आमण्ड एवं बर्बा ने किस देश की राजनीतिक संस्कृति को 'राजनीतिक निर्लिप्तता एवं प्रजाभाव संपन्न' कहा है ?

(A) जर्मनी
(B) ब्रिटेन ✓
(C) बेल्जियम
(D) फ्रांस

Q.70

"चैलेन्ज एण्ड स्ट्रेटजी : रीथिंकिंग इण्डियाज फॉरेन पॉलिसी" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) सी. राजा मोहन
(B) कान्ति बाजपेई
(C) राजीव सिकरी ✓
(D) हर्ष पन्त

Q.71

निम्नांकित विचारकों में से किसने राजनीतिक दल को मनुष्य के निकाय के रूप में वर्णित किया है, जो सभी कुछ विशेष सिद्धान्तों पर सहमत है ?

(A) फिलिप रोक्कन
(B) एडमंड बर्क ✓
(C) थॉमस जेफरसन
(D) रॉबर्ट डहल

Q.72

निम्नांकित विचारकों में से कौन 'वियेना सर्किल' से सम्बद्ध नहीं है ?

(A) कार्ल पॉपर
(B) लुडविग विटगेंस्टीन
(C) हेन्स केलसन
(D) प्लामेन्टाज ✓

Q.73

'सोवरनिटी : ऑर्गेनाइज्ड हिपोक्रेसी' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) जीन बोदां
(B) स्टीफन डी. क्रेसनर ✓
(C) रयान मिलर
(D) डायटर ग्रीम

Q.74

ब्रिटेन के सन्दर्भ में शब्दावली 'प्रधानमंत्रीय सरकार' को निम्नांकित में से किसने गढ़ा ?

(A) रिचर्ड क्रॉसमेन ✓
(B) लॉर्ड ब्राइस
(C) ब्लॉन्डेल
(D) मूलर रोमेल

Q.75

राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन भारत की संविधान सभा का सदस्य नहीं रहा ?

(A) हीरालाल शास्त्री
(B) सी.एस. वेंकटाचारी
(C) जयनारायण व्यास
(D) टीका राम पालीवाल ✓

Q.76

जब किसी कार्य का प्रभाव संतोषजनक होता है, तब वह अधिगमकर्ता द्वारा सीख लिया जाता है - सीखने का यह नियम किसके द्वारा दिया गया?

(A) स्किनर
(B) पावलॉव
(C) हल
(D) थॉर्नडाइक ✓

Q.77

निम्नांकित में से किसने भारतीय दलीय व्यवस्था को 'प्रभावी दलीय व्यवस्था (प्रीडोमिनेंट पार्टी सिस्टम) कहा है ?

(A) जिओवनी सरटोरी ✓
(B) रजनी कोठारी
(C) डब्ल्यू. एच. मौरिस जोन्स
(D) ग्रेनबिल ऑस्टिन

Q.78

आधुनिक इतिहासवादी राजनीतिक लेखन के सन्दर्भ में डेविड ईस्टन द्वारा वर्णित निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

(A) संस्थावादी : चार्ल्स एच. मेकइलवेन
(B) अन्तःक्रियावादी : ऐलन ✓
(C) भौतिकवादी : डनिंग
(D) मूल्यवादी : सेबाइन

Q.79

निम्नांकित में से किस विचारक ने राज्य को परिभाषित करते हुए इसे 'राजनीतिक समाज एवं नागरिक समाज का योग' कहा है ?

(A) एन्टोनियो ग्राम्शी ✓
(B) निकोस पाउलंटज
(C) थेडा स्कॉकपॉल
(D) क्लाउसेविट्ज़

Q.80

समुदायवादी दृष्टिकोण के मुख्य प्रवर्तकों में कौन शामिल नहीं है ?

(A) रूसो
(B) माइकल वॉल्जर
(C) अलासडेर मैकेन्टायर
(D) रॉबर्ट डहल ✓

Q.81

निम्नांकित में से किस देश ने गुटनिरपेक्ष आन्दोलन दक्षिण-दक्षिण तकनीकी सहयोग केन्द्र (नॉन-अलाइन मूवमेंट सेंटर फॉर साऊथ-साऊथ टेक्निकल कोऑपरेशन) के विचार को प्रस्तावित किया ?

(A) भारत
(B) मिस्र
(C) इंडोनेशिया ✓
(D) क्यूबा

Q.82

निम्नांकित में से कौन-सा देश सरकार की संसदीय प्रणाली का उदाहरण नहीं है ?

(A) ऑस्ट्रेलिया
(B) जर्मनी
(C) रूस ✓
(D) कनाडा

Q.83

रजनी कोठारी की पुस्तक 'पॉलिटिक्स इन इण्डिया' निम्नांकित में से किस उपागम के आधार पर लिखी गयी है ?

(A) मानकीय
(B) मार्क्सवादी – लेनिनवादी
(C) ऐतिहासिक
(D) संरचनात्मक प्रकार्यवाद ✓

Q.84

निम्नांकित में से किस देश के कार्यपालक राष्ट्रपति के लिए 'दो टोपी पहने' की संज्ञा नहीं दी जा सकती है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका
(B) फ्रान्स
(C) रूस
(D) जर्मनी ✓

Q.85

निम्नांकित विद्वानों में से किसने यह तर्क दिया है कि 'लोग हितसमूहों में लोकहित के लिये शामिल होते हैं' ?

(A) एम. ऑलसेन ✓
(B) लिपसेट
(C) एम. डूवर्जर
(D) हॉफमैन

Q.86

निम्नांकित में से किसने यह विचार व्यक्त किया था कि "एशिया में समाजवादी आन्दोलन राष्ट्रवाद का शत्रु है" ?

(A) दयानन्द सरस्वती
(B) जयप्रकाश नारायण
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) नरेन्द्र देव ✓

Q.87

शिक्षण प्रतिमान में 'केन्द्र बिन्दु' संदर्भित है

(A) प्रतिमान के उद्देश्यों से ✓
(B) प्रतिमान के विवरण से
(C) प्रतिमान की अंत:क्रियात्मक प्रक्रिया से
(D) प्रतिमान के मूल्यांकन से

Q.88

आमण्ड-पावेल के अनुसार निम्नांकित में से कौन सी राजनीतिक व्यवस्था की क्षमता की श्रेणियाँ हैं ?

(A) नियम निर्माण, नियम प्रयुक्ति, नियम अधिनिर्णय
(B) हित स्पष्टीकरण, हित-समूहीकरण, राजनीतिक संचार
(C) व्यवस्थाकारी, निकासिय, वितरणात्मक, उत्तरकारी ✓
(D) द्रव्यात्मक, आज्ञाकारिता, सहभागिता, श्रद्धात्मक

Q.89

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांतनुसार कौन सी उन्मुखता किशोरावस्था से संबंधित है ?

(A) साधनात्मक उद्देश्य
(B) दण्ड एवं आज्ञाकारिता
(C) उत्तम लड़का / अच्छी लड़की ✓
(D) सामाजिक अनुबंध

Q.90

एक कालानुक्रमिक क्रम में विषयवस्तु को पढ़ाने हेतु किस प्रकार के चार्ट का उपयोग किया जाना चाहिए ?

(A) वृक्ष चार्ट
(B) समय चार्ट ✓
(C) प्रवाह चार्ट
(D) चित्रमय चार्ट

Q.91

निम्नांकित में से किसे ब्रेटन वुड्स संस्था/संस्थाएँ कहा जाता है / हैं ?
(i) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष
(ii) विश्व बैंक
(iii) न्यू डेवलपमेन्ट बैंक
(iv) एशियन डेवलपमेन्ट बैंक
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (i)
(B) केवल (i) और (ii) ✓
(C) केवल (i), (ii) और (iii)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.92

भारत की संविधान सभा की पहली बैठक (9 दिसम्बर, 1946) में सबसे अधिक संख्या में कौन से प्रान्त के सदस्य उपस्थित थे ?

(A) बंगाल
(B) बम्बई
(C) मद्रास ✓
(D) बिहार

Q.93

संसद के दोनों सदनों के बीच गतिरोध के मामले में, राष्ट्रपति को दोनों सदनों के बीच गतिरोध के समाधान के लिए कदम उठाने का उपबन्ध है :

(A) बाध्यकारी
(B) आज्ञापक
(C) समर्थकारी ✓
(D) सलाहकारी

Q.94

भारत के संविधान के निम्नांकित में से कौन से अनुच्छेद उद्देशिका में प्रयुक्त शब्द 'समाजवादी' के लक्ष्यों से सम्बन्धित हैं ?

(A) अनुच्छेद 38
(B) अनुच्छेद 39
(C) अनुच्छेद 46

सही उत्तर है :

(A) केवल (A) एवं (B) सही हैं ।
(B) केवल (B) एवं (C) सही हैं ।
(C) केवल (A) एवं (C) सही हैं ।
(D) (A), (B) एवं (C) सही हैं । ✓

Q.95

निम्नांकित में से कौन सा/से विचारक 'विचारधारा का अन्त' विचार के समर्थक है ?

(A) डेनियल बेल
(B) हरबर्ट मारक्यूज
(C) समुअर मार्टिन लिपसेट

सही उत्तर है :

(A) केवल (A)
(B) केवल (B)
(C) केवल (A) एवं (C) ✓
(D) (A), (B) एवं (C)

Q.96

भारत में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान है :

(i) भारत के उच्चतम न्यायालय में
(ii) किसी भी राज्य के उच्च न्यायालय में

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (i) ✓
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों
(D) न तो (i) और न ही (ii)

Q.97

निम्नांकित में से कौन सा/से कथन भारत शासन अधिनियम, 1935 के बारे में सही है/हैं ?

(i) इस अधिनियम में 14 भाग थे ।
(ii) इसने रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना की ।
(iii) इसमें अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया गया था ।
(iv) अवशिष्ट शक्तियाँ संघीय विधानमण्डल में निहित थीं ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (i)
(B) केवल (i) और (ii)
(C) केवल (i), (ii) और (iii) ✓
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.98

भारत ने फरवरी, 2020 में किस पड़ोसी देश की राष्ट्रीय पहचान पत्र परियोजना को "आधार" आधारित तकनीकी सहायता की पेशकश की ?

(A) भूटान
(B) बांग्लादेश
(C) म्यांमार
(D) श्रीलंका ✓

Q.99

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'शान्ति के लिए एकता प्रस्ताव' स्वीकार किया गया :

(A) 1950 में ✓
(B) 1953 में
(C) 1952 में
(D) 1949 में

Q.100

निम्नांकित में से किस अनुच्छेद का सम्बन्ध भारत के संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची से है ?

(A) 243 घ
(B) 243 ज
(C) 243 च
(D) 243 छ ✓

Q.101

निम्नांकित विचारकों में से किस विचारक ने हॉब्स को 'बुर्जुआ बाजार समाज' के इतिहास के रूप में चित्रित करते हुए उसके प्राकृतिक व्यक्ति को उखड़ा हुआ मनुष्य बताया है ?

(A) माइकल ऑकशॉट
(B) जुर्गेन हेबरमास
(C) एन्थोनी गिडन्स
(D) सी.बी. मेक्फरसन ✓

Q.102

निम्नांकित में से किस काल को 'शस्त्र सज्जित शांति' का काल कहा जाता है ?

(A) शीत युद्ध ✓
(B) तनाव-शैथिल्य
(C) शीत युद्धोत्तर काल
(D) शीत युद्ध का अन्त

Q.103

"संपूर्ण व्यक्तित्व का पूर्णरूपेण एवं सामंजस्यपूर्ण कार्य करते रहना ही मानसिक स्वास्थ्य है ।" यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई है ?

(A) हैडफील्ड ✓
(B) लैडल
(C) वुडवर्थ
(D) फ्रैंडसन

Q.104

बुडापेस्ट सम्मेलन सम्बन्धित है

(A) जलवायु परिवर्तन से
(B) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से
(C) साइबर क्राइम से ✓
(D) युद्ध की रोकथाम हेतु

Q.105

सूचना प्रक्रिया प्रतिमान अधिक संबंधित है

(A) बौद्धिक विकास से ✓
(B) सामाजिक विकास से
(C) संवेगात्मक विकास से
(D) नैतिक विकास से

Q.106

एडगर डेल के 'अनुभव शंकु' के अनुसार शिक्षक द्वारा कक्षा में दिखाए गए प्रयोग को देखकर किशोर विद्यार्थी किस प्रकार के अनुभव प्राप्त करेंगे ?

(A) वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव
(B) प्रदर्शन अनुभव ✓
(C) दृश्यात्मक अनुभव
(D) नाटकीय अनुभव

Q.107

निम्नांकित में से किस समिति / आयोग की सिफारिश पर अन्तर्राज्यीय परिषद की स्थापना की गई ?

(A) राजमन्नार समिति
(B) के. सन्थानम् समिति
(C) प्रशासनिक सुधार आयोग
(D) सरकारिया आयोग ✓

Q.108

निम्नांकित विदेश मंत्रियों में से किसने गुट-निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मण्डल का प्रतिनिधित्व किया ?

(A) श्याम नन्दन मिश्र ✓
(B) एम.सी. चागला
(C) दिनेश सिंह
(D) बली राम भगत

Q.109

दबाव समूह के प्रभाव को निर्धारित करने में प्रमुख कारक है / हैं :
(i) राजनीतिक संस्कृति
(ii) संस्थागत संरचना
(iii) दलीय प्रणाली की प्रकृति
(iv) लोक नीति की प्रकृति और शैली
नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :
कूट :

(A) केवल (i)
(B) केवल (i) और (ii)
(C) केवल (i), (ii) और (iii)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.110

"मेरे लिए वास्तविक मुक्ति भय से मुक्ति है । भय से मुक्त हुए बिना आप गरिमापूर्ण मानवीय जीवन नहीं जी सकते हैं ।" यह कथन किसका है ?

(A) नेल्सन मंडेला
(B) आंग सान सू की ✓
(C) एरिक फ्रॉम
(D) एंटोनियो ग्राम्शी

Q.111

निम्नांकित विचारकों में से कौन 'समाजवादी बहुलवाद' के विचार से सम्बद्ध है ?

(A) सी. पेटमेन
(B) पाउलन्टाज
(C) पालमीरो टोगालिआटी ✓
(D) लासाल

Q.112

निम्नांकित में से कौन से विद्वान अमेरिका में शक्ति पृथक्करण सिद्धान्त के समर्थक रहे हैं ?
(A) एलेक्जेन्डर हेमिल्टन
(B) जॉन जे
(C) जेम्स मेडिसन
सही उत्तर है :

(A) केवल (A) एवं (B)
(B) केवल (A) एवं (C)
(C) केवल (B) एवं (C)
(D) (A), (B) एवं (C) ✓

Q.113

जहाँ यह प्रश्न उठता है कि राजस्थान विधानसभा का अध्यक्ष दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न अन्तिम विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा:

(A) राज्यपाल को
(B) विधानसभा उपाध्यक्ष को
(C) सदन के ऐसे सदस्यों की समिति के विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा जिसे वह सदन इस निमित्त निर्वाचित करे।
(D) सदन के ऐसे सदस्य के विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा जिसे वह सदन इस निमित्त निर्वाचित करे। ✓

Q.114

"अधिगम, अनुभवों तथा प्रशिक्षण द्वारा व्यवहार में संशोधन है।" यह परिभाषा किसने दी है?

(A) गेट्स एवं अन्य ✓
(B) वुडवर्थ
(C) हिलगार्ड
(D) किंग्सले

Q.115

किसने भारत की दलीय प्रणाली को 'एक दलीय प्रभावी व्यवस्था' कहा है ?

(A) रजनी कोठारी ✓
(B) जी. सरटोरी
(C) डब्ल्यू. एच. मौरिस जोन्स
(D) अरेन्ड लिजफार्ट

Q.116

"राजनीति सिद्धान्त न तो न्यूनतावादी है, न व्यवहारवादी और न ही कट्टरवादी विचारधारा । यह मानव समाज अस्तित्व में सही क्रम के सिद्धांतों का आलोचनात्मक अध्ययन है ।" यह कथन किसका है ?

(A) दांते जमीनो ✓
(B) कार्ल जेस्पर्स
(C) कार्ल पॉपर
(D) जे.जी. गुनेल

Q.117

"युद्ध राज्य का निर्माण करता है तथा राज्य युद्ध करते हैं ।"

यह कथन निम्नांकित में से किसका है ?

(A) जोशुआ करलांजिक
(B) चार्ल्स टिली ✓
(C) थॉमस हॉब्स
(D) मेकियावली

Q.118

"असममित संघवाद" शब्द किसके द्वारा गढ़ा गया है ?

(A) चार्ल्स डी. टार्लटन ✓
(B) डेनियल एलाजार
(C) विलियम रिकर
(D) कैनेथ वाल्ट्ज

Q.119

भारत में, निम्नांकित में से किसने प्रभुत्व जाति का विचार प्रस्तुत किया ?

(A) रणजीत गुहा
(B) घनश्याम शाह
(C) एस.सी. दुबे
(D) एम.एन. श्रीनिवास ✓

Q.120

निम्नांकित में से किसका यह मानना है कि "अमेरिकी व्यवस्था शक्तियों के पृथक्करण में से एक नहीं है; बल्कि, यह सत्ता साझा करने वाले पृथक प्राधिकारियों की एक व्यवस्था है" ?

(A) मॉण्टेस्क्यू
(B) रॉबर्ट डहल
(C) रिचर्ड नॉइसड्ट ✓
(D) एलेक्स डी टॉकविले

Q.121

निम्नांकित विचारकों में से किसने यह विचार दिया है कि 'पश्चिमी विचार या तो प्लेटोवादी या प्लेटोविरोधी' ?

(A) कार्ल पॉपर
(B) डी. जमीनो ✓
(C) ई. हॉब्सबान
(D) एच.जे. लास्की

Q.122

अरविन्द का मानव संस्कृतियों और सभ्यताओं का विकास चक्रक्रम दर्शन पर प्रभाव था :

(A) लियोपोल्ड वी. रांके
(B) रोमां रोला
(C) कार्ल लाम्प्रैष्ट ✓
(D) इ मैनुएल काण्ट

Q.123

मैकडूगल के अनुसार, मूल प्रवृत्ति एवं संवेगों के गलत युग्म को चुनें :

मूल प्रवृत्ति	संवेग
पलायन	भय
निवृत्ति	घृणा
युयुत्सा	करुणा
जिज्ञासा	आश्चर्य

(A) पलायन - भय
(B) निवृत्ति - घृणा
(C) युयुत्सा - करुणा ✓
(D) जिज्ञासा - आश्चर्य

Q.124

शिक्षण-अधिगम हेतु एडगर डेल के 'अनुभव शंकु' में सबसे निम्नतम अनुभव कौन सा है ?

(A) समेकित अनुभव
(B) नाटकीय अनुभव
(C) मौखिक प्रतीक ✓
(D) चलचित्र

Q.125

किशोरों के भीतर दमित संवेगों को बाहर अभिव्यक्त करने की विधि कहलाती है

(A) शोधन
(B) सांवेगिक विरेचन ✓
(C) विस्थापन
(D) दमन

Q.126

निम्नांकित विचारकों में से किसने 'ग्लोकलाइजेशन' के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया है ?

(A) चन्द्रन कुकथास
(B) मार्था नेसबाम
(C) रॉबर्ट पटनम
(D) रोलैंड रॉबर्टसन ✓

Q.127

भारत के संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लेखित 'संघ (यूनियन)' शब्द कहाँ से लिया गया है?

(A) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से
(B) आयर्लैंड के संविधान से
(C) ब्रिटिश नॉर्थ अमेरिकन एक्ट, 1867 से ✓
(D) यूएसए के संविधान से

Q.128

निम्नांकित में से भारत का कौन सा प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय राज्य विधान सभा का सदस्य था ?

(A) नरेन्द्र मोदी
(B) इन्द्रकुमार गुजराल
(C) एच.डी. देवगौड़ा ✓
(D) इंदिरा गांधी

Q.129

भारत और भूटान के मध्य औपचारिक राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना की स्वर्ण जयन्ती किस वर्ष मनाई गई थी ?

(A) 2016
(B) 2017
(C) 2018 ✓
(D) 2019

Q.130

संयुक्त राष्ट्र 'पीस बिल्डिंग कमीशन' की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 2003
(B) 2004
(C) 2005 ✓
(D) 2006

Q.131

निम्नांकित में से किस/किन संघराज्य क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था है ?
(A) अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह
(B) चण्डीगढ़
(C) दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव
सही उत्तर है :

(A) केवल (A) एवं (B)
(B) केवल (A) एवं (C)
(C) केवल (B) एवं (C)
(D) (A), (B) एवं (C) ✓

Q.132

लॉक के लिए, एक प्राकृतिक अधिकार के रूप में स्वतन्त्रता है :

(A) नैतिक अधिकार ✓
(B) बौद्धिक अधिकार
(C) व्यक्तिगत अधिकार
(D) सार्वभौमिक अधिकार

Q.133

निम्नांकित में से कौन-सा युग्म शीत युद्ध के सन्दर्भ में सही नहीं है ?

(A) क्यूबा में अमेरिका द्वारा प्रायोजित 'बे ऑफ पिग्स' आक्रमण : 1961
(B) वियतनाम में अमेरिकी हस्तक्षेप : 1954-75
(C) क्यूबा का मिसाइल संकट : 1962
(D) डोमिनिकन रिपब्लिक में अमेरिकी हस्तक्षेप : 1968 ✓

Q.134

सूचना प्रदान करने हेतु प्रयुक्त किए जाने वाले संप्रेषण कौशलों का सही संयोजन चुनें :

(A) बोलना और पढ़ना
(B) पढ़ना और सुनना
(C) बोलना और लिखना ✓
(D) सुनना और लिखना

Q.135

निम्नांकित में से किस देश में भारत ने संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में अपनी शांति सेना नहीं भेजी है ?

(A) अंगोला
(B) सोमालिया
(C) सिअरा लियोन
(D) नाइजीरिया ✓

Q.136

निम्नलिखित में से कौन सा सहकारी अधिगम का तत्व नहीं है ?

(A) सकारात्मक अन्योन्याश्रितता
(B) बड़े समूह का निर्माण ✓
(C) आमने सामने की अंत:क्रिया
(D) वैयक्तिक जवाबदेही

Q.137

कक्षा संप्रेषण में निम्नलिखित में से किस एक को टाला जाना चाहिए ?

(A) अंत:क्रियाएँ
(B) पूर्वाग्रह ✓
(C) प्रतिपुष्टि
(D) स्पष्ट उच्चारण

Q.138

निम्नांकित में से किसने भारतीय संघ को परमउच्चता संघ (पेरामाउंटसी फेडरेशन) कहा है?

(A) पॉल एस. ब्रास
(B) के. संथानम ✓
(C) स्वर्णसिंह
(D) आर.एम. सरकारिया

Q.139

निम्नांकित में से कौन सा/से विद्वान व्यवहारवाद का/के समर्थक हैं ?
(A) हिन्ज यूलाऊ
(B) हन्ना आरेन्ट
(C) हेन्स जे. मॉर्गेन्थाऊ
सही उत्तर है :

(A) केवल (A) ✓
(B) केवल (A) एवं (B)
(C) केवल (B) एवं (C)
(D) (A), (B) एवं (C)

Q.140

निम्नांकित में से कौन सा विचारक स्वतन्त्रता को एक 'सामूहिक लक्ष्य' के रूप में मानता है ?

(A) थॉमस हॉब्स
(B) एडवर्ड शिल्ज
(C) एंटोनी स्मिथ
(D) रूसो ✓

Q.141

निम्नांकित में से किस विचारक ने सत्ता की आलोचना करते हुए यह कहा कि 'किसी भी प्रकार का कोई प्राकृतिक छोर नहीं है और इसलिए कोई न्याय या न्यायपूर्ण सत्ता नहीं है... केवल शक्ति का बोलबाला है' ।

(A) कार्ल मार्क्स
(B) फ्रेडरिक नीत्शे ✓
(C) रूसो
(D) मेक्स वेबर

Q.142

निम्नांकित में से कौन सा जिला राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य स्थान (प्रिंसिपल सीट) के अधिकार क्षेत्र में नहीं है ?

(A) बाँसवाड़ा
(B) डूंगरपुर
(C) झालावाड़ ✓
(D) प्रतापगढ़

Q.143

"सामाजिककरण या सामाजिक विकास वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा जैविक व्यक्ति को मानवीय व्यक्ति में परिवर्तित किया जाता है।" सामाजिक विकास की यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई?

(A) सोरेन्सन
(B) फ्रीमैन ✓
(C) हरलॉक
(D) गैरेट

Q.144

"पार्टी पॉलिटिक्स इन इण्डिया : द डेवलपमेन्ट ऑफ ए मल्टी-पार्टी सिस्टम" नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(A) ग्रेनबिल ऑस्टिन
(B) रूडोल्फ एवं रूडोल्फ
(C) रजनी कोठारी
(D) मायरन वीनर ✓

Q.145

पुरुष या महिला सेक्स हार्मोन का उत्पादन किस अंत:स्रावी ग्रंथि द्वारा नियंत्रित किया जाता है ?

(A) उपवृक्क ग्रंथि
(B) गल ग्रंथि
(C) पीयूष ग्रंथि ✓
(D) थाइमस ग्रंथि

Q.146

जीन पियाजे का नैतिक विकास सिद्धांत किस आयाम से निकटतम संबंधित है ?

(A) संज्ञानात्मक ✓
(B) शारीरिक
(C) सामाजिक
(D) संवेगात्मक

Q.147

निम्नांकित में से किस समिति की अनुशंसा पर पी आई ओ (पीपुल ऑफ इण्डियन ओरिजन) कार्ड योजना लागू की गयी ?

(A) एल.एम. सिंघवी समिति ✓
(B) एस.जयशंकर समिति
(C) निरुपमा राव समिति
(D) रहमान समिति

Q.148

निम्न में से कौन सी शिक्षण विधि संरचनावाद के सिद्धांतों पर आधारित नहीं है ?

(A) मस्तिष्क उद्वेलन विधि
(B) प्रायोजना विधि
(C) प्रयोग विधि
(D) व्याख्यान विधि ✓

Q.149


एक शिक्षक को कक्षा में क्या नहीं करना चाहिए ?

(A) शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग
(B) अनुशासन बनाए रखना
(C) उपयुक्त कक्षा अंत:क्रिया
(D) चयनित विद्यार्थियों से प्रश्न पूछना ✓

Q.150

निम्नांकित में से कौन सा विचारक यह मानता है कि 'प्रत्येक सुसंगत राजनीतिक सिद्धान्त का एक ही सर्वोच्च मूल्य है, यह मूल्य समानता है' ?

(A) भीखू पारेख
(B) डोवोर्किन ✓
(C) अमर्त्य सेन
(D) चार्ल्स टेलर



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in